सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष
www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-316, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 26 मई, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र



# मुंबई में भारी बारिश

## लो विजिबिलिटी से उड़ानों पर असर, पुणे में बादल फटा

**मुंबई।** देश के 9 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। 24 मई को केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी को कवर करने बाद मानसून ने 25 मई को पूरा गोवा और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से समेत मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड को कवर किया है।

आज सुबह से ही मुंबई में तेज बारिश हो रही है। कई जगह 7-8 किमी लंबा जाम लगा हुआ है। 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चली, जिनके चलते पेड़ गिरे हैं। घने बादल की वजह से विजिबिलिटी काफी लो है। लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। विजिबिलिटी कम होने से देश के अलग-अलग शहरों से आने वाली 8 फ्लाइट्स भी प्रभावित हुई हैं। रविवार को महाराष्ट्र में 35 साल बाद तय समय



से पहले मानसून पहुंचा। राज्य में मानसून अमूमन 5 जून के आसपास एंट्री करता था। इस बार 10 दिन पहले पहुंचा। इसके पहले 1990 में 20 मई को पहुंचा था। कल पश्चिमी महाराष्ट्र में मानसूनी बारिश शुरू हुई। रविवार को पुणे में तेज बारिश हुई। पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटा। इसके चलते 200 घरों में पानी भर गया।

### केरल में बारिश से 9 जिलों में स्कूल बंद

केरल में भारी बारिश जारी है। त्रिशूर में चलती ट्रेन पर पेड़ गिर गया। कोझिकोड में स्कूटर चलाते समय एक व्यक्ति पर पेड़ गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। कोडंचेरी में भाई-बहनों की करंट लगने से मौत हो गई। राज्य के 9 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तरी पलक्कड़ जिले में 40 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 4 पूरी तरह से तहस-नहस हो गए। वायनाड के पदिनजरथरा में कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। एनडीआरएफ की 28 सदस्यीय टीम वायनाड पहुंची है।

# पीएम मोदी ने गुजरात में किया रोड शो

## दाहोद में 9000 हॉर्स पावर के रेल इंजन का लोकार्पण किया

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार और मंगलवार को गुजरात दौरे पर हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद राज्य में यह उनका पहला दौरा है। वे पहले वडोदरा पहुंचे। यहां रोड शो किया। फिर दाहोद में पीएम ने 9000 हॉर्स पावर इंजन का लोकार्पण किया।

इससे पहले ढट सुबह करीब 10 बजे वडोदरा एयरपोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने एयरपोर्ट से एयरफोर्स गेट तक एक किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इसे 'सिंदूर सम्मान यात्रा' का नाम दिया गया। रोड शो में पीएम मोदी को देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ लोगों की भीड़ उमड़ी थी। इसमें ऑपरेशन सिंदूर पर विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाली भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी का परिवार भी मौजूद रहा। उन्होंने भी फूल बरसाकर ढट का स्वागत किया। मोदी ने हाथ



हिलाकर लोगों का अभिवादन किया।

पीएम का रोड शो करीब 10 मिनट चला। इस दौरान प्रधानमंत्री कहीं भी रुके नहीं। वे वडोदरा से दाहोद के लिए निकल गए हैं। यहां उनकी जनसभा होगी। इस दौरान कई रेलवे प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन करेंगे। दोपहर में प्रधानमंत्री भुज और अहमदाबाद में भी रोड शो निकालेंगे। रात में राजभवन में रुकेंगे।

# जौनपुर में तिहरा हत्याकांड बाप और दो बेटों का मर्डर

**जौनपुर।** जिले में तीन हत्याओं से सनसनी फैल गई। पिता और दो बेटों की देर रात वर्कशॉप में ही हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी सुबह तब हुई, जब घर का ही एक शख्स नाश्ता लेकर वहां पहुंचा। वर्कशॉप में तीन लोगों की लाश पड़ी थी। सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स पहुंच गई और परिजनों के आने से पहले शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस पर परिजन भड़क गए और चक्काजाम कर दिया।

जौनपुर के जफराबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कांध निवासी लालजी का कचगांव अंडरपास के पास चूड़ी पेरने का वर्कशॉप है। रविवार की रात लालजी (50) अपने दो बेटों



यादवीर (32) और गुड्डू (25) के साथ वर्कशॉप पर ही काम के चक्कर में रुक गए। रात हो जाने के कारण दोनों बेटों के साथ लालजी दुकान में ही आराम करने लगे। परिवार वालों को लगा कि काम ज्यादा होगा, इसलिए वर्कशॉप में वे लोग रुक गए होंगे। सुबह एक रिश्तेदार नाश्ता लेकर लगाने के लिए वर्कशॉप पहुंचा तो देखा की कमरे में चारों तरफ खून बिखरा है। पिता सहित दोनों बेटों की लाश पड़ी हुई थी।

# मुठभेड़ में मारा गया पांच लाख का इनामी माओवादी मनीष यादव

**लातेहार।** जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक माओवादी सदस्य मारा गया, जबकि एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना सोमवार को महुआडांड़ थाना क्षेत्र के दौना जंगल में हुई, जहां पुलिस और माओवादियों के बीच हुई भिड़ंत में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी (भाकपा-माओवादी) का सदस्य मनीष यादव मारा गया। मनीष यादव पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। पलामू के पुलिस उपमहानिरीक्षक वाई एस रमेश ने बताया कि इस मुठभेड़ के दौरान एक अन्य माओवादी कुंदन खेरवार को गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि कुंदन पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।



# इजराइल का गाजा के स्कूल पर हमला, 25 की मौत

## स्पेन ने इजराइल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

**तेल अवीव।** इजराइल ने रविवार देर रात गाजा में कई जगहों पर हमले किए। इन हमलों में एक स्कूल को भी निशाना बनाया, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई है। स्कूल में आग लगने से लोग जिंदा जल गए।

अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह एक किंडरगार्टन स्कूल था, जिसे शरणार्थी शिविर को तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। मरने वालों में रेड क्रॉस के दो कार्यकर्ता, एक पत्रकार और कई बच्चे शामिल हैं। इनमें गाजा का सबसे कम उम्र का इन्फ्लुएंसर याकीन हम्माद (11 वर्ष) भी मारा गया है।

दूसरी तरफ स्पेन ने दुनिया भर के देशों से इजराइल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। स्कूल की आग पर राहतकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से काबू पाया। स्कूल की आग पर राहतकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से काबू पाया। अब तक स्कूल से 25 मृतकों के शव बरामद किए जा चुके हैं। गाजा पर 23 मई को हुए इजराइली हमले में खान यूनिस की एक महिला डॉक्टर अल-नज्जर के 9 बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है।



स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक मृत बच्चों की उम्र 7 महीने से 12 साल तक थी। डॉक्टर के पति को भी इस हमले में गंभीर चोटें आई है।

इजराइली सेना के मुताबिक गाजा में बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया गया। इसके तहत 14 से 20 मई तक 670 से ज्यादा हमास ठिकानों पर हमला किया। जिसमें गाजा के लगभग 512 लोग मारे गए थे।

**इजराइल का गाजा के 77% हिस्से पर कब्जा**

इजराइल ने गाजा पट्टी के 77% हिस्से पर कंट्रोल हासिल कर लिया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह दावा गाजा के सरकारी मीडिया ऑफिस ने रविवार को किया।

उन्होंने इजराइल पर नरसंहार के आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। बयान में कहा गया है कि इजराइली सेना ने बफर जोन, सुरक्षा कॉरिडोर और भारी गोलीबारी के जरिए गाजा के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को अपने कब्जे में लिया है।

# देवगढ़ पहुंचे अधिकारियों पर मधुमक्खियों का हमला

**देवगढ़।** रविवार को निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों को मधुमक्खियों ने हजारों डंक मारे। इससे सीडीओ कमलाकांत पांडेय बेहोश हो गए। वहीं, विशेष सचिव सुनील कुमार वर्मा, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित 9 अधिकारी और कर्मचारी जख्मी हो गए।



वन विभाग की टीम और ग्रामीणों की मदद से सभी को मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर एडीएम को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। वन विभाग के अनुसार इत्र की खुशबू से मधुमक्खियां भड़क गईं और उन्होंने हमला कर दिया। शासन की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी विशेष सचिव (रेशम विकास) सुनील वर्मा योजनाओं के निरीक्षण के लिए शनिवार को आए थे।

रविवार सुबह 10 बजे वह अन्य अधिकारियों के साथ देवगढ़ क्षेत्र पहुंचे। यहां सभी बौद्ध गुफाओं को देखने के लिए पहाड़ी से नीचे उतर रहे थे। तभी वहां लगे छत्तों में रहने वाली मधुमक्खियां भड़क गईं। उन्होंने अधिकारियों पर हमला शुरू कर दिया। इस दौरान सभी अधिकारी तो बाहर निकल आए, लेकिन सीडीओ मधुमक्खियों के हमले से बेहोश हो गए। उन्हें किसी तरह चारपाई पर लिटाकर बाहर निकाला गया।

एडीएम राजेश श्रीवास्तव के चेहरे, पेट, हाथ, सिर और कान में मधुमक्खियों ने डंक मारे हैं। झांसी मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में भर्ती एडीएम के शरीर से करीब साढ़े तीन सौ डंक निकाले गए हैं। सीएमएस डॉ. सचिन माहुर ने बताया कि इलाज के एडीएम के शरीर की सूजन में कमी आई है। ललितपुर में भर्ती सीडीओ कमलाकांत पांडेय के भी चेहरे, पेट, हाथ और सिर में कई डंक लगे थे।

# बेंगलुरु के फार्महाउस पर रेव पार्टी में पुलिस की छापेमारी, 31 गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** देवनहल्ली के पास एक फार्महाउस में आयोजित रेव पार्टी पर रविवार तड़के पुलिस ने छापा मारा। इस पार्टी का आयोजन एक निजी फर्म के कर्मचारी माजा शरीफ के 26वें जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए किया गया था। पार्टी में कुल 31 लोग शामिल थे, जिन पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस की कार्रवाई में 31 में से चार लोगों के पास से 3 ग्राम कोकीन, 5 ग्राम हाइड्रो-गांजा, 60 ग्राम हशीश और कुछ मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। उपस्थित सभी लोगों की उम्र 24 से 30 वर्ष के बीच थी, जो शरीफ के मित्र थे और वे विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं, जैसे सरजापुर रोड, वरथुर, राममूर्ति नगर आदि। पार्टी शनिवार रात से शुरू हुई थी और रविवार सुबह करीब 4.30 बजे सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी की। नार्थ ईस्ट डिवीजन, डीसीपी वीजे सजीथ के नेतृत्व में पुलिस टीम सुबह पांच बजे कन्नमंगला गांव स्थित फार्महाउस पहुंची। वहां उपस्थित सभी 31 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के ब्लड और यूरिन के सैंपल भी ले लिए हैं।



आज सोमवती अमावस्या के अवसर पर हरिद्वार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी पर गंगा में पावन डुबकी लगाई। साथ ही दान कर पुण्य अर्जित किया।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में नौ आतंकवादी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग अभियानों में कम से कम नौ आतंकवादियों को मार गिराया है, सेना की मीडिया शाखा ने रविवार को यह जानकारी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, डेरा इस्माइल खान जिले में सुरक्षा बलों द्वारा एक खुफिया-आधारित अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों से प्रभावी ढंग से मुकाबला किया और उनमें से चार को मार गिराया। टैंक जिले में एक और खुफिया-आधारित अभियान चलाया गया और इसके बाद हुई गोलीबारी में दो और आतंकवादी मारे गए। आईएसपीआर ने कहा कि खैबर जिले के बाग में हुई तीसरी मुठभेड़ में सैनिकों ने तीन और आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# ट्रंप ने पुतिन को कहा 'पागल', बोले- रूस बर्बाद हो जाएगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को चेतावनी दे डाली है। ट्रंप ने साफ तौर पर कह दिया है कि वह पुतिन के साथ अपना धैर्य खो रहे हैं। ट्रंप ने रूस द्वारा लगातार तीसरे दिन यूक्रेन की राजधानी कीव और अन्य शहरों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले की तीखी आलोचना की है। डोनाल्ड ट्रंप ने ये तक कह दिया है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बिल्कुल पागल हो गए हैं।





अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मेरे हमेशा बहुत अच्छे संबंध रहे हैं, लेकिन उनके साथ कुछ हुआ है। वे बिल्कुल पागल हो गए हैं। पुतिन अनावश्यक रूप से बहुत से लोगों को मार रहे हैं। बिना किसी कारण के यूक्रेन के शहरों में मिसाइल और ड्रोन दागे जा रहे हैं। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया है कि रूस ने फरवरी 2022 के बाद यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। इस हमले में 12 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए हैं।

## मैं पुतिन के काम से खुश नहीं- ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह पुतिन के काम से खुश नहीं हैं। रविवार को नॉर्थ न्यू जर्सी से रवाना होने से पहले ट्रंप ने कहा- मैं उन्हें काफी वक्त से जानता हूं, मैं हमेशा उनके साथ रहा हूँ, लेकिन वह शहरों में रॉकेट दाग रहे हैं और लोगों को मार रहे हैं। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन को बड़ी चेतावनी भी जारी की है। ट्रंप ने साफ तौर पर कह दिया है कि अगर पुतिन पूरे यूक्रेन पर कब्जा करना चाहते हैं, तो यह रूस के पतन का कारण बनेगा। ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की भी आलोचना की है। ट्रंप ने कहा- ज़ेलेंस्की जिस तरह से बात कर रहे हैं, उससे अपने देश को कोई फायदा नहीं पहुंचा रहे हैं। उनके मुंह से निकलने वाली हर बात समस्या पैदा करती है, मुझे यह पसंद नहीं है, और बेहतर होगा कि इसे रोका जाए।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

सोमवार, 26 मई, 2025 www.nnindianews.com

03

# पूर्व प्रधान और बेटे की हत्या

## जमीनी विवाद में मरते दम तक मारते रहे फावड़ा, मुठभेड़ में एक आरोपी पकड़ा



### पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगी, तमंचा और कारतूस बरामद

**फिरोजाबाद।** थाना नगला सिंघी क्षेत्र में पुलिस ने पूर्व प्रधान और उनके पुत्र की हत्या के एक आरोपी को मुठभेड़ में पकड़ा है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने घटना की जांच के लिए तीन टीमों का गठन किया था। सोमवार तड़के पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी भोला उर्फ मोहनवीर टीकरी पुलिया रामपुर रोड़ पर मौजूद है। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष नगला सिंघी विमलेश कुमार त्रिपाठी, इंस्पेक्टर टूंडला अंजीश कुमार और सर्विलांस प्रभारी अमित तोमर की टीम शामिल थी। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** जमीनी विवाद में दबंगों ने पूर्व प्रधान और उनके बेटे की हत्या कर दी। रविवार शाम को बाप-बेटे खेत में काम कर रहे थे। तभी 6-7 लोग वहां आए। पहले कहासुनी हुई। फिर फावड़े से दोनों पर हमला कर दिया। बाप-बेटे के सीने और सिर पर तब तक वॉर किया, जब तक उनकी मौत नहीं हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में पिछले 15 साल से विवाद चल रहा था। इस दौरान दोनों ओर से कई मुकदमे भी दर्ज किए जा चुके थे।

5 दिन पहले ही एसडीएम ने एक पक्ष को जमीन पर कब्जा दिलाया था। इसी रंजिश में दूसरे पक्ष ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की 4 टीमें लगी हैं। घटना नगला सिंघी थाना क्षेत्र के टीकरी गांव की है। फरवरी में पूर्व प्रधान के बेटे नितिन की शादी हुई थी। टीकरी गांव के साहब सिंह ने 15 साल पहले अपने बेटों से परेशान होकर गांव के ही पूर्व प्रधान अरविंद यादव के नाम 14 बीघा खेत का बैनामा कर दिया था। इसके बाद साहब सिंह अपने बेटों जितेंद्र और नरेंद्र को साथ लेकर गांव छोड़कर चले गए। जबकि अपने 2 बेटे हुब्बलाल और देवेंद्र को गांव में ही छोड़ दिया था।

बैनामा के बाद से ही हुब्बलाल और उसके परिजन अरविंद यादव से दुश्मनी मानने लगे। उन्होंने अरविंद को उस जमीन पर कब्जा नहीं करने दिया। कई बार अरविंद पुलिस बल के साथ खेत जोतने पहुंचे, लेकिन दबंगों ने उन्हें खेती करने से रोक दिया। अरविंद की शिकायत पर एसडीएम अनुराधा सिंह ने 20 मई 2025 को उन्हें खेत पर कब्जा दिलाया था। इसके बाद रविवार शाम करीब 4 बजे अरविंद अपने 27 वर्षीय बेटे नितिन के साथ प्रेमपुर स्थित खेत पर ट्रैक्टर लेकर जुताई करने पहुंचे थे। इसी दौरान हुब्बलाल, भोला, विपिन, रवि, मनीष, सनी और अन्य लोग वहां पहुंचे और कब्जे पर विरोध जताया। कहासुनी के बाद दबंगों ने बाप-बेटे पर फावड़े से हमला कर दिया। जब दोनों ने दम तोड़ दिया तो आरोपी फरार हो गए। सूचना पर एसएसपी सौरभ दीक्षित, एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने बताया- 20 मई को तहसील टूंडला और पुलिस की मदद से अरविंद यादव को खेत पर कब्जा दिलाया गया था। रविवार को पहली बार वह खेत जोतने पहुंचे थे, तभी यह हमला कर उनकी हत्या कर दी गई।

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य हत्याकांड

## फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए रात में दिया धरना



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य और बसपा नेता पप्पू कुशवाहा की हत्या के मामले में एक आरोपी अभी भी फरार है। इसको लेकर रविवार रात परिजन घर के बाहर धरने पर बैठ गए।

मोहम्मदाबाद के पप्पू कुशवाहा की 26 अप्रैल को सुबह सवा नौ बजे गोलियों से हत्या की गई थी। हत्या के बाद उन पर चाकुओं से भी वार किए गए। मृतक के बेटे प्रिंस की शिकायत पर पांच नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने दो दिन में गिरफ्तारी का दिया आश्वासन।

पुलिस ने मुठभेड़ में गांव के मुकुल, अंकित समेत तीन नाबालिगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपी शिवम ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। लेकिन सहपऊ निवासी लाल बहादुर अभी तक फरार है। एक महीने से फरार आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिवार के धरने की सूचना पर सीओ अमरीश कुमार और एसडीएम अनुराधा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दो दिन में आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया।

## हाथरस में विद्युत करंट से 8 साल के बच्चे की मौत

एनएनआई

**हाथरस।** विद्युत करंट से जुड़ी दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नाई के नगला में 8 वर्षीय सोनू पुत्र रामकिशन की करंट लगने से मौत हो गई। बच्चा घर में खेल रहा था।

इस दौरान उसका हाथ बिजली के स्विच से टकरा गया। करंट लगने से सोनू बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत बागला अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिवार ने दूसरी राय के लिए एक निजी चिकित्सक से भी संपर्क किया। वहां भी बच्चे की मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद परिजन शव को घर ले आए।

## चौकीदार हत्याकांड में मथुरा पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

### 5 के पैर में लगी गोली, चोरी के लिए आए थे शुगर मिल

एनएनआई

**मथुरा।** दोताना पुलिस चौकी के सामने बंद फैक्ट्री में तैनात चौकीदार की हत्या करने वाले तीन बदमाशों को स्वाट टीम और छाता पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से तीनों घायल हो गए हैं। वहीं अंधेरे का फायदा उठा कर दो बदमाश भागने में कामयाब हो गए। पुलिस टीम उनके पीछे लगी। जैत क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए पांचों बदमाशों के कब्जे से पांच तमंचे, कारतूस, मोबाइल आदि बरामद हुए है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

छाता के दोताना पुलिस चौकी के सामने बंद पड़ी असर एग्रो फैक्ट्री में गांव नरी के रहने वाले कमल और बद्री चौकीदारी करते थे।

ये थी घटना



गुरुवार रात 11 बजे आधा दर्जन बदमाशों ने बद्री और साथी चौकीदार कमल को बंधक बना लिया। इसके बाद सरिया से प्रहार व चादर से बद्री का गला घोंटकर हत्या कर दी। हमलावर कमल सिंह को अधमरा छोड़ गए। एसएसपी श्लोक कुमार रात में ही घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी जुटाई। हत्याकांड को लेकर एसएसपी ने स्वाट, एसओजी, सर्विलांस, रिवार्डेड, नौहझील, शेरगढ़, छाता और हाईवे पुलिस की आठ टीमों को लगाया।

बदमाशों की मिली सूचना

एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि रविवार रात साढ़े 12 बजे पुलिस को सूचना मिली कि शुगर मिल के पास कुछ बदमाश चोरी के लिए खड़े हो। पुलिस मौके पर पहुंची तो बदमाशी ने फायरिंग कर दी। मुठभेड़ में आगरा के ताजगंज थाना क्षेत्र के गांव बसईखुर्द निवासी राकेश, खिन्नी महल निवासी सतीश उर्फ टिकिया और नीतीबाग निवासी विनोद को गिरफ्तार किया है। इनके दो साथी अंधेरे के फायदा उठाकर फरार हो गए हैं।

पांच बदमाशों के पैर में लगी गोली

पुलिस टीमें उनके पीछे लगकर तलाश शुरू की। रात तीन बजे जैत क्षेत्र में इन दोनों की घेराबंदी कर ली गई। मुठभेड़ में आगरा के राजीव नगर निवासी विशाल और मुरैना के थाना बिन्नी के गांव धम्मपथ का पुरा निवासी हरिराम को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए पांचों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। इनके कब्जे से तमंचे, कारतूस, मोबाइल आदि बरामद हुए है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रेलिंग लगवाकर हो बरसाना में दर्शन

**बरसाना** एनएनआई। राधारानी मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए न्यायालय ने प्रबंध समिति को रेलिंग के माध्यम से दर्शन की व्यवस्था शुरू कराने के आदेश दिए हैं। इस पर नगर पंचायत एवं पुलिस प्रशासन द्वारा रेलिंग लगवाने का कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि गोस्वामी समाज के कुछ लोग इसके विरोध में हैं। ब्रह्मांचल पर्वत पर स्थित विश्व विख्यात राधारानी मंदिर पर रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। आए दिन बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने प्रबंध समिति को उचित व्यवस्था के लिए निर्देश दिए थे। इसके बाद प्रबंध समिति द्वारा मंदिर परिसर में रेलिंग लगवाने का कार्य शुरू कराया था। लेकिन, गोस्वामी समाज के कुछ लोगों के विरोध पर काम रोक दिया गया था।

# अधेड़ के इंजन से टकराने पर बीच रास्ते में रोकनी पड़ी ट्रेन



**एत्मादपुर एनएनआई।** दिल्ली-हावड़ा रेलवे खंड पर बरहन रेलवे स्टेशन के पास दौड़ती ट्रेन की चपेट में आने से आज सुबह एक अधेड़ व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

आज सुबह पांच बजे लगभग आम्रपाली एक्सप्रेस टूंडला से दिल्ली की ओर जा रही थी। 4.50 बजे मितावली रेलवे स्टेशन निकलने पर ट्रेन बरहन जंक्शन पार करती उससे पहले गांव गोवल के पास 4.55 बजे रेलवे ट्रैक पार करता एक अधेड़ उम्र का अज्ञात व्यक्ति ट्रेन के इंजन से टकरा गया। हादसे के शिकार मृतक का शव इंजन में फंस जाने पर चालक ने ट्रेन को रोककर टूंडला नियंत्रण केंद्र को तत्काल घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पहुंची विभागीय कर्मचारियों की टीम ने ट्रेन के इंजन के अगले हिस्से में फंसे मृतक व्यक्ति के शव को अलग किया। इसके बाद ट्रेन को 6.33 बजे बरहन जंक्शन की लूप लाइन पर खड़ा कर पटना राजधानी एक्सप्रेस, सप्तक्रांति एक्सप्रेस, गरीब रथ, बनारस एक्सप्रेस आदि कई ट्रेनों को निकाला गया। बरहन जंक्शन से 6.55 बजे आम्रपाली एक्सप्रेस गंतव्य के लिए रवाना हुई। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों के साथ थाना बरहन पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# गहनों को लेकर विवाद में टूटी शादी

**आगरा एनएनआई।** एत्माद्दौला क्षेत्र स्थित मोती महल में दुल्हन पर चढ़ाए जेवरात के बारे में वर-वधू पक्ष में विवाद हो गया। पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने आई। यहां दोनों पक्षों ने एक-दूसरे का सामान वापस किया। चंद घंटों में ही सात जन्मों का बंधन टूट गया। मोती महल के युवक की सगाई 22 मई को हरदोई की युवती से हुई थी। युवती आगरा में ही सुशील नगर में मौसा के घर रहती है। शनिवार की रात बरात आई थी। सात फेरे हो गए। इस दरम्यान वर पक्ष ने दुल्हन को सोने के जेवरात चढ़ाए, जो फेरों के बाद उतारने को कहा गया। वधू पक्ष ने जेवर उतरवाने से मना कर दिया।

इस पर दूल्हे के पिता ने कहा कि जेवरात मांगकर लाए थे। दुल्हन को दूसरे जेवर घर आने पर पहनाए जाएंगे। इस पर बिचौलिया से विवाद और मारपीट हो गई। दुल्हन पक्ष ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दूल्हा, बिचौलिया और दुल्हन पक्ष के लोगों को थाने लेकर आ गई। थाने में भी कई घंटे तक पंचायत चली। थाना प्रभारी का कहना है कि वर-वधू पक्ष में विवाद हुआ था। बाद में समझौता हो गया।

# चुनौती: कागारौल में 48 घंटे के अंदर दूसरी बड़ी चोरी

एनएनआई



**आगरा।** थाना कागारौल क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। परसों टीकरी गांव में चोरी की वारदात के बाद अब सिर्फ 48 घंटे के अंदर दूसरी चोरी बेमन गांव में हो गई। लगातार दो वारदातों ने पुलिस की सक्रियता और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

बेमन गांव में अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में एक घर को निशाना बनाया। चोरों ने ताला तोड़कर घर में घुसपैठ की, बक्सा और अलमारी से नगदी व कीमती जेवरात पार कर दिए। चोर बक्सा तक खेतों में उठाकर ले गए और वहीं तोड़कर माल समेट ले गए। टीकरी गांव की चोरी का अब तक पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है, और उससे पहले ही बेमन गांव में दूसरी वारदात हो जाना कानून व्यवस्था की पोल खोल रहा है।

# शाही झालरा में तैरता मिला पूर्व सभासद की पत्नी का शव

**फतेहपुर सीकरी।** आज सुबह कस्बे के बुलंद दरवाजे से सटकर बने शाही झालरा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव तैरता दिखाई पड़ा। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्थानीय लोगों को आज सुबह शाही झालरा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला का शव तैरता दिखाई पड़ा। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को झालरे से बाहर निकाला। मृतका की शिनाख्त अशरफ (45 वर्ष) पत्नी पूर्व सभासद रहीश कुरैशी निवासी मोहल्ला बनी इसराइल के रूप में हुई। सूचना पर मृतका के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों के अनुसार मृतका सुबह घूमने के लिए घर से निकली थी। उक्त मामले में प्रभारी निरीक्षक आनंद वीर सिंह के बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अहिल्याबाई सनातन धर्म की महान रक्षक

एनएनआई

**एत्मादपुर।** भारतीय जनता पार्टी के लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रि-शताब्दी स्मृति अभियान के तहत छलेसर में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में इंदौर साम्राज्य की महारानी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जीवन गाथा सुनाते हुए उन्हें सनातन धर्म की महान रक्षक और समाज सुधारक बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश शंखवार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने देशभर में हजारों मंदिरों का नवनिर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया था। एक धर्मभीरू शासक के रूप में उन्होंने सबसे महिला सशक्तीकरण को मजबूती प्रदान करने का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक डा. धर्मपाल सिंह और भाजपा के शहर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने भी अहिल्याबाई के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।



शहर अध्यक्ष को जन्म दिन की बधाई के संग सभी ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 122वें एपीसोड के संजीव प्रसारण को सभी ने सुना। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, हरिओम बघेल एड., उपमा गुप्ता, राहुल भारद्वाज, बबीता पाठक आदि मौजूद थे। संयोजक सुधीर राठौर (महानगर उपाध्यक्ष) ने सभी का आभार जताया।

# महिला से छेड़छाड़ का आरोपी पकड़ा

**आगरा एनएनआई।** महिला से छेड़छाड़ करने वाले मनचले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कई दिनों से आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। छेड़छाड़ का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। सदर थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह सदर क्षेत्र में बुटीक चलाती हैं। बुधवार दोपहर बुटीक जा रही थीं। रास्ते में लाल रंग के स्कूटर पर एक युवक पीछे से आया। रोक कर छेड़खानी करने लगा। कपड़े खींचकर निर्वस्त्र करने की कोशिश की। शोर मचाने पर धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के खंगाले। इससे युवक का सुराग लगा। पिछले तीन दिन से पुलिस आरोपी



युवक की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को थाना सदर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेजा जाएगा। वहीं मनचले पर कार्रवाई के बाद पीड़िता ने पुलिस के कार्य की सराहना की। पकड़ा गया आरोपी साहिल भदौरिया पुत्र रामदीन निवासी बरौली अहीर है। पहले यह नोएडा में काम करता था। आजकल बेरोजगार है। वह पुलिस के सामने गिड़गिड़ा रहा था।

# ऑफिस से लौट रही युवती से छेड़खानी

**आगरा एनएनआई।** ट्रांसयमुना क्षेत्र में पेठा नगरी के पास शुक्रवार की शाम करीब 4:30 बजे एक युवती स्कूटर सवार शौहदे ने रोक लिया। छेड़खानी की। युवती ने विरोध किया था बदसलूकी करने लगा। युवती दहशत में आ गई और भागने लगी। आरोपी ने उसका पीछा किया। किसी तरह वह अपने घर तक पहुंची। आरोपी ने उसका घर तक पीछा किया। दहशत में आई युवती शनिवार को ऑफिस भी नही गई। रविवार को युवती परिजनों के साथ थाने पहुँची और तहरीर दी पुलिस केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

# कांग्रेसी बोले-लोकतंत्र में 'करो वोट की चोट'

एनएनआई

**एत्मादपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत और विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। कांग्रेस सेवादल के कार्यकताओं ने नगर के पिछड़े वर्ग की घनी आबादी वाले मोहल्ला सतौली बघेलान में ध्वज वंदन कार्यक्रम के बहाने क्षेत्रीय मतदाताओं से घर-घर संपर्क कर हक और अधिकारों को प्राप्त करने के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था में वोट की चोट करने का आह्वान किया शहर अध्यक्ष सचिन चौधरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस



कमेटी के सदस्य जितेंद्र धनगर व मुन्नालाल बघेल ने ध्वजारोहण कर किया। सेवादल पदाधिकारियों ने लोकतंत्र में वोट के महत्व को समझाते हुए कहा कि आपका एक-एक वोट लोकतांत्रिक शक्ति का प्रतीक है। अपने वोट की ताकत से आप धोखेबाज जनप्रतिनिधि से लेकर सरकार तक को बदल सकते हैं। वक्ताओं ने कहा कि जनता के वोट बटोर क्षेत्रीय बुनियादी जरुरतों एवं जनता की समस्याओं को नजर अंदाज कर अपने घरों के चक्कर लगवाने वाले जनप्रतिनिधियों का बहिष्कार करें। वोट देने वाले प्रत्येक मतदाता को लोकतंत्र में सवाल पूछने का अधिकार है। इस लिए सवालों का जबाब न देने वाले जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र में न घुसने दें। मतदाताओं को वोटर लिस्ट में समय-समय पर अपना व परिवार का नाम चेक करते रहने के प्रति सचेत करते हुए बीएलओ के बूथों पर न मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत कर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करने को कहा गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, देवेंद्र शर्मा, अमीचंद जाटव, ऋषि गुप्ता, धर्मेंद्र बघेल, सुभाष उपाध्याय, विकास भारती, सौरभ शर्मा, प्रवीन शुक्ला, पूरन सिंह यादव, फैजल जाफरी, राज कुमार शर्मा, डा. वीर मोहम्मद, गौरव कश्यप, सुनील निगम, आलोक दीक्षित, पप्पू कुरैशी, महेन्द्र सिंह एडवोकेट, वीरेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे। संचालन राम वकील धाकरे ने किया।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना आगरा

सोमवार, 26 मई, 2025 www.nnindianews.com



# नाद साधना के रघुनाथांजलि संगीत समारोह में गूंजीं स्वर लहरियाँ

एनएनआई

**आगरा।** पं. रघुनाथ तलेगांवकर फाउंडेशन ट्रस्ट एवं संगीत कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में ग्रैंड होटल सभागार में आयोजित 33वें वार्षिक नाद साधना प्रातःकालीन संगीत समारोह में सुरों की मधुर बयार बही। यह आयोजन पं. रघुनाथ तलेगांवकर की जन्मशती को समर्पित रहा। समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना, दीप प्रज्वलन और पं. रघुनाथजी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। गुरु मां प्रतिभा तलेगांवकर के निर्देशन में राग अहीर भैरव में ध्रुपद शैली की नाद वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद संगीत कला केंद्र के विद्यार्थियों ने प्रातःकालीन रागों– गुणकली, कालिंगड़ा, यमनी बिलावल, भटियार, देशकार, रामकली, नट भैरव–की सुंदर बंदिशें प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। डॉ. मंगला तलेगांवकर मठकर ने सितार पर राग जौनपुरी की विलंबित, मध्यलय एवं द्रुत गतें प्रस्तुत कीं। तबले पर संगत उनके भ्राता डॉ. लोकेन्द्र तलेगांवकर ने की। डा. यश संजय देवले ने राग बसंत मुखारी और राग शुद्ध सारंग में ग्वालियर और आगरा घराने की गायकी का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। उनकी गायकी में स्वर सौंदर्य, अलंकारिक प्रयोग और रचनात्मक संयोजन की विशेष झलक थी। नाद गौरव सम्मान डॉ. मंगला तलेगांवकर एवं डॉ. यश संजय देवले को प्रदान किया गया। अतिथियों में डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, अरुण डंग, डॉ. एस.के. अरेला, प्रमिला चावला, योगेश शर्मा, डॉ. भानु प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष विजयपाल सिंह एवं न्यासी प्रतिभा तलेगांवकर ने सभी संगीत प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।







# दूरदर्शी महिला शासक थीं अहिल्याबाई होलकर

- अहिल्याबाई ने प्रस्तुत की नारी शक्ति की प्रशासनिक दक्षता एवं धार्मिकता - रमाकांत उपाध्याय

एनएनआई

**आगरा।** महारानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति वर्ष अभियान के अंतर्गत दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की संगोष्ठी का आयोजन नूरी दरवाजा स्थित मिलन वाटिका में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, युवा भाजपा नेता डा अलौकिक उपाध्याय ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि रमाकांत उपाध्याय ने कहा राजमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा किए गए कार्य सनातन धर्म की मजबूती का संदेश हैं। जिन्होंने नारी शक्ति की प्रशासनिक दक्षता और धार्मिकता का ऐसा अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया जो आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा युवा नेता डॉ अलौकिक उपाध्याय ने कहा राजमाता अहिल्याबाई होलकर ने एक आदर्श शासन व्यवस्था की नींव रखी थी। भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण प्रदान करने के लिए उत्तर से दक्षिण पूरब से पश्चिम तक एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में जोड़ने का काम किया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा मुस्लिम शासको द्वारा हिंदू धर्म के धर्म स्थलों को तोड़ने और क्षतिग्रस्त करने का काम किया था अहिल्याबाई होल्कर ने उन मंदिरों का जीर्णोद्धार कराकर धर्म को मजबूत करने का काम किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता दीपक खरे ने किया।



## भाविप संपर्क ने आंगनवाड़ी केंद्र को भेंट की सिलाई मशीनें



**आगरा (एनएनआई)।** भारत विकास परिषद संपर्क शाखा द्वारा मोतीलाल नेहरू रोड स्थित आंगनवाड़ी ट्रेडिंग सेंटर पर सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष उमेश बंसल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। शाखा अध्यक्ष डॉ. दिग्जेंद्र सिंह ने बताया कि महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दो नई सिलाई मशीनें भेंट की गईं। कार्यक्रम में महिलाओं को अहिल्याबाई होलकर के प्रेरणादायक जीवन से भी परिचित कराया गया। इस मौके पर सचिव इना फौजदार, प्रवीण जैन, अजीत फौजदार, डॉ. रश्मि कपूर सिंह, अंबा प्रसाद गर्ग, सुनीता जैन समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सेवा भाव समिति आगरा ने पदाधिकारी बना किया विस्तार

एनएनआई

**आगरा।** सेवा भाव समिति आगरा (रजि) की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को शारदा विहार कॉलोनी में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुमित कुमार प्रजापति ने की। समिति के मुख्य सलाहकार डॉक्टर राधा रमन गोला ने संस्था के भविष्य के लिए रणनीति तैयार करने की योजना के बारे में अवगत कराया। समिति में इन लोगों को मिली जिम्मेदारी गोपाल कृष्ण दक्ष संगठन मंत्री, सुनील बाबू जिला मंत्री, अनिल प्रजापति संगठन मंत्री , शैलेश धाकड़ संगठन युवा मंत्री, अशोक गोला जिला मंत्री, हिमांशु प्रजापति संगठन युवा मंत्री, राहुल दिवाकर युवा मंत्री, नकुल गोला जिला मंत्री। बैठक में समिति अध्यक्ष सुमित कुमार प्रजापति, सचिव अनुज कुलश्रेष्ठ, मुख्य सलाहकार डॉक्टर राधा रमन गोला, कोषाध्यक्ष बंटी कुमार, सचिव अजय कुमार, महामंत्री डॉक्टर शिव कुमार गोला, जग्गी प्रजापति, विष्णु, संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह, जिला मंत्री रवि प्रजापति, कौशल प्रजापति, मीडिया प्रभारी शुभम प्रजापति आदि



# कवि सम्मेलन में गूंजे पहलगाम के दर्द से भरे स्वर

एनएनआई

**आगरा।** यूथ हॉस्टल, संजय प्लेस में रविवार को साहित्य निधि संस्था की ओर से स्व. ममता देवी वर्मा की षष्ठम पुण्यतिथि पर वार्षिक कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें पूरन डावर, पूर्व विधायक प्रदीप माथुर, प्रो. उमापति दीक्षित, सुनील शर्मा, रजत अस्थाना आदि मौजूद रहे।

सम्मेलन में साहित्य रत्न अलंकरण-2025 से सम्मानित गीतकार बलराम श्रीवास्तव ने मां और मातृभूमि पर आधारित रचनाओं से श्रोताओं को भावुक कर दिया। राष्ट्रीय ओज कवि मोहित सक्सेना ने वीर रस की रचनाएं प्रस्तुत कर सभागार में जोश भर दिया झ "मुंड बिछा दो एलओसी पर पाकिस्तानी फौजी के... जैसे पंक्तियों ने तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। कवियों राजकिशोर शर्मा राज, विनोद पाण्डेय, हीरेन्द्र नरवार, डॉ. मुकेश मणिकांचन, सपना सोनी आदि ने भी विविध रसों में सराबोर रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन निशि राज ने किया और उन्होंने स्व. ममता देवी वर्मा का संक्षिप्त जीवन परिचय भी प्रस्तुत किया।



# मॉडल कॉलेब फैशन फेस्टिवल में मॉडल्स का दमदार प्रदर्शन

- डॉ. यामिनी मल्होत्रा की उपस्थिति बनी आकर्षण का केंद्र

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े फैशन कार्यक्रमों में से एक, मॉडल कोलबे फैशन फेस्टिवल-2025 का आयोजन अत्यंत भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम होटल क्लार्क्स इन सुईट्स, फतेहाबाद रोड, आगरा में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेशभर के मॉडल्स, इन्फ्लुएंसर्स और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण सेलिब्रिटी गेस्ट डॉ. यामिनी मल्होत्रा रहीं। जिनकी उपस्थिति में समारोह को एक नई ऊँचाई प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. मल्होत्रा ने उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। फैशन शो, क्रिएटिव प्रस्तुतियाँ, और टैलेंट सेगमेंट्स से भरपूर यह कार्यक्रम क्राउन ग्लोबल फाउण्डेशन द्वारा प्रस्तुत और मायरा इवेंट्स इण्डिया द्वारा किया गया था। आयोजन का उद्देश्य न केवल फैशन और ग्लैमर की दुनिया को एक मंच पर लाना था, बल्कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को एक सशक्त मंच देकर उनकी प्रतिभा को पहचान दिलाना था। कार्यक्रम को दर्शकों और मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा अत्यंत सराहना प्राप्त हुई, और यह आयोजन निश्चित ही आने वाले वर्षों के लिए एक नई मिसाल बनेगा।





# सेफ्टी, स्टाइल और स्पेस हैं किआ कारेन्स क्लाविस जी की खूबी




एनएनआई

**आगरा।** नेहरू नगर स्थित एनआरएल किआ शोरूम पर किआ मोटर्स की नई पीढ़ी की प्रीमियम एमपीवी किआ कारेन्स क्लाविस जी वर्जन का शानदार अनावरण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने रिबन काटकर इस मॉडल का उद्घाटन किया। इस मौके पर एनआरएल ग्रुप के चेयरमैन हरी मोहन गर्ग, एमडी सिद्धार्थ गर्ग और जीएम आशुतोष मेरोठिया भी मौजूद रहे। कंपनी के अनुसार, यह कार पेट्रोल वर्जन में 11.49 लाख रुपये और डीजल वर्जन में 13.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) कीमत पर उपलब्ध है। इसकी प्रमुख खूबियों में अडास लेवल 2 सेफ्टी सिस्टम, 10.25-इंच टचस्क्रीन, बॉस प्रीमियम साउंड सिस्टम, पैनारोमिक रूफ, 6 एयरबैग, वेंटिलेटेड सीट्स, और 360-डिग्री कैमरा शामिल हैं। 6 और 7 सीटर विकल्पों में उपलब्ध यह एमपीवी, फैमिली कार की जरूरतों और टेक्नोलॉजी व स्टाइल की चाह रखने वालों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। शोरूम के सेल्स मैनेजर मनीष शर्मा व आशीष मुद्गल ने बताया कि ग्राहकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और बड़ी संख्या में लोगों ने टेस्ट ड्राइव और बुकिंग कराई।

# ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित तिरंगा यात्रा में गूंजा 'वंदे मातरम', दिखा देशभक्ति का जोश

एनएनआई

**आगरा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध में और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को समर्पित करते हुए भाजपा द्वारा आगरा छावनी विधानसभा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। रमाना ग्रैंड, प्रतापपुरा रोड से प्रारंभ हुई यात्रा नामनेर बाजार, साईं का तकिया होते हुए छीपीटोला पर संपन्न हुई। इसका शुभारंभ विधायक डॉ. जीएस धर्मेश, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, बसंत गुप्ता, अरुण पाराशर और राजेश गोयल ने हरी झंडी दिखाकर किया। विधायक धर्मेश ने कहा कि वीर सैनिकों ने आतंकियों को उनके ठिकानों पर निशाना बनाकर कड़ा संदेश दिया है। भारत अब हर आतंकी हरकत का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। तिरंगा यात्रा में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, व्यापारी संगठनों व समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए हुए लोगों ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम', 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' जैसे नारों से माहौल देशभक्ति से भर दिया। कार्यक्रम में अशोक पिपल, रश्मि धाकड़, महेश शर्मा, राजेश गोयल, विवेक लोधी, विपिन उपाध्याय, अजय कांत लवानिया समेत बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता और उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी शामिल रहे।



# आम आदमी पार्टी ने चलाया स्वच्छता अभियान

एनएनआई

**आगरा।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ चतुर्वेदी के नेतृत्व में जगदीशपुरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने झाड़ू लगाकर परिसर और आसपास के क्षेत्र की सफाई की तथा नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष चतुर्वेदी ने कहा कि, हम केवल राजनीति नहीं, समाज सेवा को भी अपना कर्तव्य मानते हैं। स्वच्छता एक आंदोलन है, जिसमें सभी नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने आमजन से आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। महानगर अध्यक्ष दिलीप बंसल ने कहा कि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए साफ-सफाई बेहद जरूरी है। उन्होंने नगर निगम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की नियमित सफाई की मांग की। स्थानीय नागरिकों ने पार्टी की पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयासों से शहर की स्थिति बेहतर हो सकती है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृष्ण गोपाल उपाध्याय, यतीनन्दन आर्य, संजय भारती, सलमान अब्बास, ऋतिक सिंह, तज्जुदीन खान, इंद्र कुमार वर्मा, शाहरुख सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# यमुना सफाई महोत्सव : पर्यावरण प्रेमी जुटे, नेता नदारद

एनएनआई

**आगरा।** विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा (5 जून) की तैयारियों के तहत रविवार को एत्माद्दौला व्यू प्वाइंट पर यमुना सफाई महोत्सव का आयोजन हुआ। नगर निगम कर्मचारियों, पर्यावरण प्रेमियों, समाजसेवियों और व्यापारियों ने यमुना तलहटी की सफाई कर ट्रैक्टर भर कचरा निकाला। राजनीतिक दलों के नेता कार्यक्रम से नदारद रहे। रिवर कनेक्ट कैंपेन के बृज खंडेलवाल और इंडिया राइजिंग के नितिन जौहरी के नेतृत्व में स्वंयसेवकों ने श्रमदान किया। डॉ. देवाशीष भट्टाचार्य ने कहा, यमुना अब चेतावनी दे रही है। उसका पुनर्जीवन हम सबकी जिम्मेदारी है। महंत पंडित जुगल किशोर ने इसे जनआंदोलन बताया। कार्यक्रम में सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम, डॉ. मुकुल पांड्या, पद्मिनी अय्यर, जगन प्रसाद तेरिया, जुगल श्रोत्रिय, वत्सला प्रभाकर सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।



# चंद्रशेखर ने भरी हुंकार

## उप्र में बहुजनों की सरकार बनाने का आगरा के प्रबुद्धजनों को दिलाया संकल्प

एनएनआई

**आगरा।** सूरसदन सभागार में आयोजित अस्तित्व बचाओ-भाईचारा बनाओ प्रबुद्ध जनसम्मेलन में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद एड। ने पांच बिंदुओं पर अपने विचार रखे -

**जातिगत जनगणना का मुद्दा:** केन्द्र सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग की जाति आधारित जनगणना को जानबूझकर न कराना, सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ एक सोचा-समझा षड्यंत्र है। यह बहुजन समाज की वास्तविक संख्या और उनके अधिकारों को दबाने का एक प्रयास है,

**आरक्षण और संविधान पर विश्लेषण:** वर्तमान शासन व्यवस्था आरक्षण को निष्प्रभावी करने तथा संविधान की मूल भावना को कमजोर करने में लगी हुई है। हमें परम पूज्य बाबा साहेब डॉ। भीमराव अम्बेडकर द्वारा प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए सतत जागरूक और संगठित रहना होगा।

**ईवीएम प्रणाली का लोकतंत्र पर प्रभाव:** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से चुनाव कराना लोकतंत्र की पारदर्शिता और जनविश्वास के विरुद्ध है। यह व्यवस्था शासक वर्ग के षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को नियंत्रित करना है।




**दलित, पिछड़े, आदिवासी वर्ग एवं अल्पसंख्यकों व मुस्लिमों पर बढ़ते अत्याचार:** वर्तमान समय में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम समाज पर होने वाले अत्याचारों में चिंताजनक वृद्धि हो रही है। यह न केवल संवैधानिक मूल्यों पर आघात है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न करने वाला संकट है।

**प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण की मांग:** सरकारी क्षेत्र के निजीकरण के कारण आरक्षण प्राप्त अवसर सीमित होते जा रहे हैं। अतः यह आवश्यक है कि प्राइवेट सेक्टर में भी अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिले, ताकि समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सके।

**मंडल कमीशन की सिफारिशों का पूर्ण क्रियान्वयन:** मंडल कमीशन ने सामाजिक न्याय को स्थापित करने हेतु जिन सिफारिशों को प्रस्तुत किया था, उनका पूर्ण रूप से लागू किया जाना समय की आवश्यकता है।

इस दौरान एड शान मोहम्मद महानगर अध्यक्ष, इंजीनियर शशांक बौद्ध जिलाध्यक्ष, सुनील कुमार चित्तौड़ प्रदेश अध्यक्ष, सविता कुमारी, मनीषा निगम,संदीप सोनी, एड योगेश गौतम, डॉ एसपी सिंह वरुण, आकाश जिलाध्यक्ष, समता सैनिक दल आदि मौजूद रहे।

## भीड़तंत्र नहीं, संविधान से चले देशः शब्बीर अब्बास

एनएनआई



**आगरा।** अलीगढ़ में हाल ही में गोमांस के शक में हुई बर्बर पिटाई केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि यह इंसानियत और हिंदू धर्म की मूल भावना पर सीधा प्रहार है। हमारे हिंदू भाई हिंसा के नहीं, बल्कि सहिष्णुता, करुणा और मानवता के प्रतीक हैं।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शब्बीर अब्बास का कहना है कि कुछ कट्टरपंथी तत्व हिंदुत्व के नाम पर जो नफरत और हिंसा फैला रहे हैं, वे केवल निर्दोषों को निशाना नहीं बना रहे, बल्कि भारत की सहिष्णु परंपरा और सनातन धर्म की मर्यादा को भी कलंकित कर रहे हैं। यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि ऐसी घटनाओं की जब निष्पक्ष पुलिस जांच होती है, तो ज्यादातर मामलों में पीड़ित निर्दोष ही साबित होते हैं। लेकिन तब तक उन्हें भीड़ की हिंसा और सामाजिक बहिष्कार बहुत कुछ छीन चुका होता है—सम्मान, सुरक्षा और कभी-कभी तो जीवन भी।

उन्होंने कहा कि वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा इस मुद्दे को मजबूती से उठाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश संविधान के अनुसार चले—जहाँ हर नागरिक की गरिमा, जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा हो—भीड़तंत्र और अफवाहों के नहीं।

## डॉ. शिवम वर्मा ने 275वीं रैंक की हासिल



**आगरा** एनएनआई। फुलट्टी बाजार निवासी मुनीश वर्मा के सुपुत्र डॉ. शिवम वर्मा ने आगरा का नाम रोशन किया है। उन्होंने डॉक्टर की पढ़ाई में एमएस के बाद सुपर स्पेशलिस्ट एमसीएच की ऑल इंडिया में 275 वी रैंक हासिल की है जिसके बाद उन्हें पीजीआई रोहतक कॉलेज मिल गया है। डॉ. शिवम वर्मा अब यूरोलॉजिस्ट सर्जन बनेंगे। इस से समाज, क्षेत्र और शहर में खुशी की लहर है।



मोतिया की बगीची, लंगड़े की चौकी पर श्रीमद्व भागवत कथा वाचक का आयोजन हो रहा है। सुश्रीदेवी की स्मृति में कथा में सभी लोग आकर कथा का आनंद ले रहे हैं।

### अनुपम ओमेरियन रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के चुनाव

## अमित अग्रवाल (पारुल) लगातार छठवीं बार अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए



एनएनआई

**आगरा।** कमला नगर स्थित अनुपम ओमेरियन रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के वर्ष 2025-26 के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए। चुनाव में अमित अग्रवाल (पारुल) को लगातार छठी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारियों शरद हसीजा एवं डॉ. अमोद शंकर ने उनके नाम की घोषणा की।

अमित अग्रवाल के पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर सोसाइटीवासियों ने खुशी जताई और कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में सोसाइटी में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए हैं और सभी को एक परिवार की भावना से जोड़े रखा गया है।

कार्यकारिणी में सचिव अनूप जैन, कोषाध्यक्ष रमेश भट्टर, उपाध्यक्ष पवन बंसल, सह सचिव सिद्धार्थ मखीजा, सह कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल एवं रेखा हसीजा, शिल्पी गोयल, तरुण बंसल, दिलीप मुजार्नी, राहुल गुप्ता, सुभाष जैन, राजीव गुप्ता, गोविंद अग्रवाल, मोहित गोयल और मनीष अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। अध्यक्ष चुने जाने पर अमित अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारी सोसाइटी सिर्फ एक रिहायशी परिसर नहीं, बल्कि एक सशक्त और सुसंस्कृत परिवार है। हम पूरे वर्ष श्रीमद् भागवत कथा, दीपावली उत्सव, अन्नकूट महोत्सव, होली मिलन जैसे सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन करते हैं, साथ ही निर्धन कन्याओं के विवाह जैसे सेवा कार्यों में भी अग्रणी रहते हैं। इस अवसर पर उमेश गोयल, राहुल गोयल, प्रमोद बिंदल, विनोद कोठारी, सुंदरलाल अरोड़ा, अभिषेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं में सीए छात्रों ने दिखाया हुनर

एनएनआई



**आगरा।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा एवं सेन्ट्रल इण्डिया चार्टर्ड एकाउंटेंट्स स्टूडेंट्स एसोसिएशन की आगरा शाखा द्वारा सीए छात्रों के लिए सीए छात्र राष्ट्रीय प्रतिभा खोज-2025 (भाषण और निबंध प्रतियोगिता) का आयोजन आगरा शाखा कार्यालय, संजय प्लेस पर किया गया।

उद्घाटन आगरा शाखा अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल, सीए आयुष गोयल - आगरा सिकासा अध्यक्ष, शाखा सचिव सीए अंकित मित्तल, कार्यक्रम के निर्णायक मंडल से सीए पूनम अग्रवाल, सीए प्रार्थना जालन के साथ सिकासा टीम से कारण उम्लानी, गौरांगी अग्रवाल द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। शाखा अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल ने से सभी छात्रों का प्रोत्साहन बढाया। साथ ही उन्होंने कहा कि इंस्टिट्यूट द्वारा इस प्रकार की प्रतियोगिता का उद्देश छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है। इस प्रकार की प्रत्योगिताओं में छात्रों को बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए। इंस्टिट्यूट द्वारा इस प्रकार कि प्रतियोगिताएं छात्रों के लिए आयोजित होती रहती है। सीए आयुष गोयल ने बताया कि यह प्रतियोगिता अभी इंस्टिट्यूट द्वारा सभी शाखा स्तर पर प्रतियोगिता करायी जा रहीं है। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सीए पूनम अग्रवाल एवं सीए प्रार्थना जालन द्वारा कुशलता पूर्वक निभाई गयी।

भाषण प्रतियोगिता में मनीषा कुशवाह विजेता एवं समर्थ खंडेलवाल उपविजेता रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम सिमोन बंसल द्वितीय शिवम अग्रवाल एवं किंशुक मित्तल तृतीय स्थान पर रही।

अंत में सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। प्रतियोगिता में प्रियांशी गोयल, वैष्णवी गुप्ता, मोनिका चौधरी, साइमन बंसल, हर्षिता जे मॉल, शिवम अग्रवाल, कनक गर्ग, आकृति गुप्ता, शिवम अग्रवाल, वरीशा मिर्जा, प्रियांशी गुप्ता, अंशिका अग्रवाल, नंदिनी सिंघल आदि छात्रों ने भाग लेकर लाभ उठाया।



## हादसे को दावत दे रहा है बिजली का आधा गिरा खंभा

**बानपुर** एनएनआई। बानपुर गांव में सड़क किनारे खड़ा बिजली का खंभा खुद खतरा बन चुका है। टेढ़ा होकर झुका हुआ ये खंभा कभी भी गिर सकता है, जिससे बड़ा हादसा होने की पूरी आशंका है। आसपास से गुजरने वाले लोगों की सांसें अटकी रहती हैं, लेकिन बिजली विभाग चैन की नींद सो रहा है।गांववालों का आरोप है कि कई बार शिकायत की जा चुकी है, मगर रज्ड से लेकर लाइनमैन तक किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। ग्रामीणों का का कहना है कि बिजली विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। हर कोई इस खतरनाक खंभे के नीचे से डर के साए में गुजर रहा है। अगर समय रहते इसे नहीं सुधारा गया तो किसी भी दिन एक बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



## बारिश के कारण दलदल में फंस रहे वाहन

**पिनाहट** एनएनआई। सुबह सुबह हुई तेज बारिश के बाद चंबल नदी घाट पैंटून पुल पर दलदल होने से वाहन फंसने लगे। जिन्हें ट्रैक्टरों से खींचकर निकाला गया रविवार सुबह करीब पांच बजे से सात बजे तक जमकर बारिश हुई। जिससे मौसम तो सुहाना हो गया। किन्तु चंबल नदी घाट पर बने पैंटून पुल का पहुंच मार्ग कच्चा होने के कारण यहां कीचण और दलदल हो गया। जिसमे वाहनों के पहिए फंसकर फिसलने लगे। चढाई पर जब वाहन नहीं चढ़े। तो ट्रैक्टरों द्वारा रस्सी से खींचकर इनको दलदल से बाहर निकाला गया है। दोपहर बाद धूप खुलने के बाद करीब दो बजे दलदल सूखने के बाद वाहनों को राहत मिली।

# विधायक ने किया सीकरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी**। रविवार शाम विधायक चौधरी बाबूलाल ने सीकरी रेलवे स्टेशन पर औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई कमियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए। बता दे कि विधायक ने स्टेशन पर बने नए बुकिंग काउंटर का निरीक्षण किया जहां यात्रियों के बैठने व ठहरने के लिए कोई मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। काउंटर पर न तो पंखे लगे हैं और न ही बैठने के लिए कुर्सियां उपलब्ध थी। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर पुराने ग्रेनाइट को हटाकर नया ग्रेनाइट लगाए जाने का कार्य चल रहा है, विधायक ने बताया कि मौजूदा स्लिपरी ग्रेनाइट के कारण यात्री फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।उन्होंने फिसलन वाले ग्रेनाइट को हटाकर सुरक्षित मटेरियल लगाने के निर्देश दिए।




आरक्षण कार्यालय के पास रखे खराब मटेरियल को भी उन्होंने हटवाने के लिए कहा। इसके साथ ही स्टेशन परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और विशेष रूप से प्लेटफार्म व शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैटिंग हॉल की स्थिति पर भी विधायक ने नाराजगी जताई और उसमें यात्रियों के लिए पंखा, कुर्सी तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा।निरीक्षण के दौरान उन्होंने टिकट बुकिंग व्यवस्था को देखा और स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देने पर बल दिया।विधायक चौधरी बाबूलाल ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध तरीके से सभी सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित किए जाएं। इस दौरान-होशियार सिंह, चौधरी रणजीत सिंह,प्रहलाद गर्ग,नीरज शर्मा,गिरीश कांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन और टेंपो की टक्कर से सात लोग घायल

**कासगंज** एनएनआई। ढोलना क्षेत्र के ग्राम इसेपुर के निकट एक टेंपो में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सात टेंपो सवार गंभीर घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जनपद अलीगढ़ के गांव भवीगढ़ निवासी सुनीता पत्नी तेजवीर सिंह उम्र 35 वर्ष, ममतेश पत्नी हीरा सिंह उम्र 26 वर्ष,नारायण देवी पत्नी रोहतास उम्र 35 वर्ष, रोहित पुत्र रघुवीर उम्र 8 वर्ष,उषा पत्नी वेदपाल उम्र 40 वर्ष,सोमवती पत्नी मन्नू उम्र 35 वर्ष,विशंभर लाल पुत्र लक्ष्मण सिंह उम्र 65 वर्ष अपने गांव भवीगढ़ से टेंपो में सवार होकर सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव नौरथा आ रहे थे। जब वह ढोलना क्षेत्र के गांव इसेपुर के निकट पहुंचे तो टेंपो में वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसमें सवार सभी लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है ढोलना थाना प्रभारी गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया घायलों के परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## महिलाओं की पिटाई का वीडियो वायरल, ननद-भाभी घायल



एनएनआई

**बाह एनएनआई**। विष्णुपुरा गांव में गाली गलौज का विरोध करने पर ननद भाभी को लात घूसों और लाठी डंडों से पीटा गया। पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है पिटाई में घायल हुई एक महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने मामले में 4 के खिलाफ केस दर्ज किया है। विष्णुपुरा की राखी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की शाम 6.30 बजे वह घर के दरवाजे पर अपनी ननद सजनी आदि के साथ बैठी थी तभी घर के सामने गांव के ही रामस्वरूप के बेटे मुकेश,संजय,सुल्तान,मुकेश के बेटे रामभोला गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर पहले लात घूसों से फिर लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। चीख पुकार पर बचाने के लिए बस्ती के लोग आए तो जान से मारने की धमकी देकर चले गये। गंभीर रूप से घायल हुई संजना को पहले एसएन मेडीकल कॉलेज आगरा ले गये,अब फिरोजाबाद के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक बाह सुरेश चन्द ने बताया कि राखी की तहरीर पर 4 के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## लोक माता अहिल्याबाई होल्कर को किया नमन

एनएनआई

**बाह**। लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती बटेश्वर के अटल संकुल भवन में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ भाजपाइयों ने मनाई। उनके चित्र पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि के बाद समारोह में बाह की विधायक पक्षालिका सिंह और जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया ने कहा कि लोक माता अहिल्याबाई होल्कर धर्म शिक्षा एवं संस्कृति की रक्षक थी उन्होंने मंदिर,घाट और धर्मशालाएं बनवा कर भारत की प्राचीन संस्कृति की रक्षा की। नारी सशक्तिकरण की मिसाल थी। उनका जीवन दर्शन समाज के लिए आज भी प्रेरणा का पुंज है समारोह में किसान मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य डॉ. रामकैलाश यादव,भाजपा के जिलामंत्री मानवेन्द्र सिंह राठौड, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह वर्मा,बाह के संयोजक अवनीश बघेल,ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान, सत्यवीर सिंह,विनोद सिंह प्रधान, महेश कठेरिया,भाव सिंह नरवरिया,सहवीर दिवाकर,मंडल अध्यक्ष रामवरन कुशवाह,रविन्द्र भदौरिया,सतीश परिहार, निखिल गुप्ता,शिव कुमार शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता दयाशंकर बघेल ने तथा संचालन श्याम शर्मा ने किया।

# अवैध कॉलोनी: सरकारी जमीन पर दबंगों का कब्जा

एनएनआई

**पिनाहट**। पिनाहट में सरकारी जमीन पर बिल्डरों द्वारा बिना नक्शा के मानक के विपरीत अवैध कॉलोनी काटने का कारोबार जोरों पर चल रहा है। रविवार को पिनाहट ब्लॉक के क्षेत्र के अंतर्गत गांव चचिहा रोड नयापुरा पर नगर पंचायत के बड़े नाले को पाटकर बिल्डरों ने उस पर अवैध कॉलोनी काट दी। रातों-रात हरे पेड़ पौधे को काटकर गिट्टी डालकर रास्ता बना दिया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया।

विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। एक जुट हुए ग्रामीणों ने पुलिस के सामने ही सरकारी नाले पर अवैध कालोनी



काटने का विरोध किया। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को थाने ले गई। जहां पर पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है जानकारी के अनुसार पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत चचिहा से पिनाहट चिल्लर के पास तक करीब दो किलोमीटर का 30 फुट चौड़ा नाला कई वर्षों से बना हुआ है। नगर पंचायत द्वारा चचिहा रोड नयापुरा बस्ती तक 500 मीटर तक पक्का नाला बनाया जा चुका है। निर्माण कर दिया गया है। करीब डेढ़ किलोमीटर तक नाला अभी भी कच्चा पड़ा हुआ है। दबंग बिल्डरों ने रातों-रात नाले के आसपास खड़े हरे भरे 100 से अधिक फल व छायादार वृक्षों को काट दिया। रात में ही सरकारी नाले को मिट्टी व गिट्टी डालकर पाट दिया। उस पर कॉलोनी काटना शुरू कर दिया। इस खेल में बड़े-बड़े दलाल भी सक्रिय है ग्रामीणों ने बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने तहसील बाह व जिलाधिकारी आगरा कार्यालय घेराव की चेतावनी दी है।

## संपादकीय

# अकेले लड़ रही कांग्रेस, अन्य विपक्षी पार्टियां खामोश

पहलगाम कांड के बाद सभी विपक्षी पार्टियों ने सरकार का समर्थन किया था। उसकी जवाबी कार्रवाई के तौर पर हुए ऑपरेशन सिंदूर का भी सभी पार्टियों ने समर्थन किया। लेकिन कांग्रेस ने समर्थन बंद कर दिया है। अब कांग्रेस लड़ने के मूड में है। पहलगाम में हुई सुरक्षा व खुफिया चूक, ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी कथित तौर पर पाकिस्तान को देने का मामला, भारतीय सेना को हुए नुकसान का सवाल, अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा सीजफायर की घोषणा जैसे कई मसलों पर कांग्रेस अब सीधे भाजपा और केंद्र सरकार से लड़ रही है। कांग्रेस पार्टी ने सरकार के साथ जंग छेड़ी है लेकिन विपक्ष की कोई भी पार्टी उन बातों पर सरकार से नहीं लड़ रही है। कांग्रेस के अलावा कम्युनिस्ट पार्टी सीपीएम ने जरूर सरकार को चिट्ठी लिखी और कहा कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए लेकिन बाकी पार्टियों ने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। शरद पवार ने तो इस विचार को खारिज ही कर दिया।

जाहिर है संसद का सत्र नहीं बुलाने के पीछे राजनीति है। अभी सब कुछ एकतरफा तरीके से सरकार की ओर से कहा जा रहा है और वह नहीं चाहती है कि संसद में विपक्ष को एक बडा प्लेटफॉर्म मिले। शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले खुल कर सरकार और भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इनका समर्थन देशभक्ति और राष्ट्रवाद के कारण है। उसका कारण राजनीतिक है। धीरे धीरे यह साफ हो रहा है कि उनकी पार्टी का विलय भतीजे अजित पवार की पार्टी के साथ होने जा रहा है और उनकी बेटी और भतीजा दोनों भाजपा का साथ देंगे।अगर ऐसा नहीं होता तो शरद पवार और सुप्रिया सुले को इतना खुल कर हर मसले पर सरकार का साथ देने की जरुरत नहीं थी। अब बात इतनी आगे बढ़ गई है कि जिस बात पर भाजपा के नेता भी चुप रहे उस सुप्रिया सुले ने सरकार का बचाव किया। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को निशाना बनाया। खड़गे ने एक कार्यक्रम में भारत और पाकिस्तान के संघर्ष को ह्यछुटपुट युद्धह्न यानी छोटी मोटी लड़ाई बता दिया। सुप्रिया सुले ने कहा कि आतंकवाद की बात आती है तो कोई भी लड़ाई छोटी या बड़ी नहीं होती है।उन्होंने खड़गे को चुप कराया और नसीहत दी कि इस समय भारतीय की तरह सोचने की जरुरत है। गौरतलब है कि सुप्रिया सुले को सरकार ने विदेश दौरे वाले एक डेलिगेशन का नेतृत्व सौंपा है। वे बहुत खुश हैं और उन्होंने कहा कि इस  समय वे पार्टी प्रतिनिधि के तौर पर नहीं, बल्कि भारतीय के तौर पर विदेश जा रही हैं। उन्होंने अपने को ह्यप्राउड इंडियनह्न बताया।उधर शरद पवार भी खुल कर सरकार के लिए खेलने लगे हैं। उद्धव ठाकरे की शिव सेना के नेता संजय राउत ने प्रतिनिधियों को विदेश भेजने पर सवाल उठाया तो यह बात शरद पवार को बुरी लग गई। उन्होंने संजय राउत को संभल कर बोलने की नसीहत दी। उन्होंने इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि वे खुद अटल बिहारी वाजपेयी के साथ भारत की बात रखने विदेश जा चुके हैं।ममता बनर्जी से लेकर अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव से लेकर एमके स्टालिन तक सब खामोश रहे।इन पार्टियों की ओर से छिटपुट बयान आया भी तो किसी ने उस पर ध्यान नही दिया। इसी तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीजफायर का ऐलान करने, दुनिया के देशों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताने के लिए भारतीय सांसदों, नेताओं और राजदूतों का डेलिगेशन भेजने के सरकार के फैसले पर भी किसी ने सवाल नहीं उठाया और विदेश मंत्री एस जयशंकर के जिस बयान को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी इतना आक्रामक हुए हैं, उस पर भी किसी दूसरी विपक्षी पार्टी ने ध्यान नहीं दिया है।राहुल और कांग्रेस तो जयशंकर को पाकिस्तान का मुखबिर औरर जयचंद बताने में लगे हैं लेकिन दूसरी पार्टियां खामोश हैं। क्या इस पूरे प्रकरण में भाजपा ने राजनीति का जो जाल फेंका उसमें कांग्रेस फंस गई और दूसरी पार्टियों ने अपने को उस जाल में फंसने से बचा लिया या कांग्रेस ने जान बूझकर भाजपा विरोध की सेकुलर राजनीति का स्पेस अकेले हासिल करने के लिए योजना के तहत इन मसलों पर विवाद खड़ा किया है? ध्यान रहे राज्यों की तमाम प्रादेशिक पार्टियां भाजपा विरोध की राजनीति करती हैं और कांग्रेस का स्पेस उन्होंने घेर रखा है। लेकिन हकीकत यह है कि जब भी कोई बड़ा मौका आता है तो वे खामोश हो जाते हैं। कांग्रेस उनकी इस वास्तविकता को उजागर कर रही है।  यह भी कहा जा रहा है कि चुनाव की मजबूरी में तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी और एमके स्टालिन इस मामले में ज्यादा नहीं बोलना चाहते हैं। उनको साफ दिख रहा है कि राष्ट्रवाद अभी उफान मार रहा है तो वे सिर झुका कर इसके निकल जाने का इंतजार कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस जोखिम लेकर लड़ रही है।केंद्र सरकार ने 59 लोगों को सात प्रतिनिधिमंडल में बांट कर विदेश भेज दिया।इन सात प्रतिनिधिमंडलों के लोग दुनिया भर के देशों को भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देंगे और साथ ही आतंकवाद के प्रति भारत के रूख की जानकारी भी देंगे। यानी सरकार दुनिया भर के देशों को बताएगी कि आतंकवाद के प्रति भारत की क्या नीति है और कैसे वह सीमा पार के आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान की पोल खोली जाएगी और भारतीय सेना के पराक्रम के बारे में भी दुनिया के देशों को बताया जाएगा। लेकिन यही बात विपक्षी पार्टियां चाहती हैं कि संसद में भी बताई जाए तो सरकार उसके लिए तैयार नहीं है।जो बातें बताने के लिए भारत के सांसद, पूर्व सांसद और राजदूत आदि विदेश गए हैं वही बातें तो संसद में भी बतानी है। फिर क्यों सरकार इससे हिचक रही है?



# शनि जयंती

## शनि देव की विशेष कृपा पाने का दिन



डॉ. शिल्पा जैन (ज्योतिषाचार्य)

27 मई 2025 मंगलवार के दिन है शनि जयंती है। आज वृष राशि में सूर्य चंद्रमा एक साथ होते हैं अथवा अमावस्या होती है अतः आज शनि जयंती पूरे भारतवर्ष में मनाई जाएगी। जेठ मास्टर मंगलवार भी है और यह साल 2025 में मंगल का साल है तथा देश में शांति रहे विश्व में शांति आज शनि जयंती वाले दिन सभी जातक को उपाय करना अनिवार्य हो जाता है। यह शनि जयंती और भी खास हो जाता है क्योंकि यह मंगलवार के दिन पड़ रहा है। शनि को कर्म प्रदाता कहा गया है न्याय के देवता बताया गया है नौ ग्रह में से शनि एक ऐसा ग्रह है जिससे सभी लोगों मे भय बना रहता है।

जिनकी भी शनि की ढैया शनि की साडेसाती शनि की महादशा या अंतर्दशा या जिनके कुंडली में भी शनि नीच के शत्रु राशि में स्थित है उनके लिए यह दिन कुछ विशेष उपाय करने से शनि देव की कृपा पूरे साल बनी रहेगी। 2025 में शनि में अपनी राशि परिवर्तन की है मीन राशि में प्रवेश किया है बहुत सी राशियों का साडेसाती और ढैया आरंभ हुआ है शनि क्योंकि बहुत ही धीरे गति का ग्रह है जब कोई जातक शनि ग्रह से पीड़ित होता है उसके काम में रुकावट आती है किसी भी काम को पूरा करने में काफी वक्त लगता है श्रम कार्य क्षेत्र में परेशानी का सामना करना पड़ता है। शनि देव की कृपा बनी रहे इसके लिए शनि के प्राकट्य दिवस यानी जयंती के दिन किए गए उपायों से राहत मिलती है वैशाख मास की अमावस्या के दिन पिता सूर्य और  माता छाया के गर्भ से उनका जन्म हुआ।  आज पांच ग्रह योग बन रहा है इसीलिए पितरों को मनाने का यह विशेष दिन भी है कुछ सामान्य उपाय जो सभी जातक कर सकते हैं जिन्हें अपने राशि ज्ञात नहीं है

मजदूर या रिक्शा चलाने वाले को काले छोले एवं पूरी खिलाएं अपराजिता का फूल शनि देव पर चढ़ाई बगीचे में शमी का पेड़ नीम का पेड़ या बरगद का पेड़ लगाए काली व्रत की दाल की खिचड़ी बनाकर शनि मंदिर के बाहर बैठे लोगों को बातें पीपल के पेड़ में आठ मुखी या चार मुखी दीपक जलाएं पांवों को पनीर दूध से बनी चीज खिलाए अपाहिजों को भोजन कारण काली चींटी को बताशे पीसकर खिलाएं। यह कुछ विशेष उपाय करने से शनि की विशेष कृपा आपके जीवन में आएगी जब शनि देव की कृपा होती है तो रंक भी राजा बन जाता है। आज का दिन बहुत विशेष है इन सभी उपायों को करने से आपके जीवन में राहत मिले मुश्किलें समाप्त हो इसी शुभकामना के साथ।



### राशि के अनुसार कुछ सामान्य उपाय करने से शुभ फल की प्राप्ति होगी एवं शनि देव की कृपा पूरे साल बरसेगी

मेष राशि जीवन में प्रगति हेतु कल छाता का दान किसी जरूरतमंद को करें साथ ही कुछ दक्षिणा अवश्य दें

वृष राशि मकान बनाने वाले मजदूर को जूते या चप्पल का दान करें इससे आपके बिगड़े काम बनेंगे कंपटीशन में फायदा होगा धन लाभ होगा

मिथुन राशि जाता वाले नारियल में सात बार काला धागा बांधे फिर ढाई गांठ बंदे फिर शनि मंदिर  में शनि देव के चरणों में रखकर आए ऐसा करने से सभी रुके हुए काम पूर्ण होंगे

कर्क राशि शनि की ढैया समाप्त हो गई है अत शनि की कृपा पाने हेतु  शाम को पीपल के पेड़ में चार मुंह वाला दीपक सरसों के तेल का बनाकर वहीं पर 108 बार ओम शम शनैश्चराय नमः का जाप करें

सिंह राशि नीले रंग का फूल अपराजिता का फूल शिव जी के चरणों में या शनि जी के चरणों में अर्पित करें ऐसा करने से जमीन जायदाद का योग बनेगा जीवनसाथी से सहयोग की प्राप्ति होगी

कन्या राशि शरीर के रोगों से कर्जन से मुक्ति पाने हेतु साथ रोटी में सरसों के तेल को छुपा कर आवारा कुत्तों को दे दे प्रात दे या शाम को दे

तुला राशि कार्यक्षेत्र में प्रगति के लिए संतान से सुख प्राप्त करने हेतु स्वास्थ्य हेतु आज कल सूती कपड़े ढाई मीटर लें साथ में नारियल एवं दक्षिणा शनि मंदिर में अर्पित करें

वृश्चिक राशि खर्च अगर बढ़ गया है सरकारी कामों में दिक्कत आ रही है नौकरी में दिक्कत आ रही है तो घर की दहलीज पर चौथी सरसों के तेल का दीपक सूर्यास्त के बाद जलाएं एवं घर के पूजा स्थान पर हनुमान चालीसा का पाठ करें

धनु राशि जमीन जायदाद की सुख प्राप्त करने हेतु रात में काले चने भिगोए एवं शनि जयंती के दिन सरसों के तेल में लोहे के बर्तन में इसे पकाए एवं शनि मंदिर के बाहर बैठे लोगों में दक्षिणा सहित वितरित करें

मकर राशि धन की कृपा पाने हेतु कर्ज से मुक्ति प्राप्त करने हेतु उड़द दाल काला तिल ढाई मीटर काला कपड़ा शनि मंदिर में दे उड़द दाल और काला तिल 200 ग्राम लेना है एवं पीपल के पेड़ में चार मुखी दिया जलाएं

कुंभ राशि वाले जातक मजदूरों को पकोड़े या नमकीन सरसों के तेल से बना हुआ वितरित करें साथ में दक्षिणा अवश्य दें

मीन राशि शनि मंदिर में तेल चढ़ाएं एक मुखी 11 दीपक बनाएं एवं पीपल के पेड़ के नीचे शनि मंत्र का जाप करते हुए अर्पित करें।

# प्रीति जिंटा ने दिये युद्ध में मारे गए सैनिकों की पत्नियों के लिए करोड़ों दान

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा परवरिश एक फौजी परिवार में हुई है। इसलिए उन्होंने सैनिकों के जीवन को बहुत करीब से देखा है। इस बात का खुलासा वह खुद भी पहले कर चुकी हैं। पिछले दिनों प्रीति जिंटा ने भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जान गंवाने वाले भारतीय सैनिकों और उनके जज्बे को लेकर लंबी-चौड़ी बातें लिखीं थी और शहीद हुए सैनिकों परिवारों के प्रति अपनी चिंता जाहिर की थी। अब हाल ही में जानकारी सामने आई है कि एक्ट्रेस ने सेना के शहीद जवानों की पत्नियों के लिए एक बड़ी धन राशि का दान किया है। प्रीति जिंटा ने सेना की विधवाओं और उनके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए 1 करोड़ से ज्यादा की धन राशि दान करने का फैसला लिया है। एक्ट्रेस ने इसके बारे में एक आधिकारिक बयान जारी किया, जिसमें बताया गया है कि उन्होंने अपनी आईपीएल की क्रिकेट टीम पंजाब किंग्स की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत दक्षिण पश्चिमी कमान के आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूए) को कुल 1.10 करोड़ रुपये की धन राशि का दान किया है। प्रीति जिंटा ने बीते दिन जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बताया कि हम चाहकर भी अपने जवानों के बलिदान को चुका नहीं सकते हैं।





# दुबई में दिखा शिल्पा का हाई-ग्लैमर अंदाज

शिल्पा शेट्टी ने दुबई में एक रिच, चॉकलेट-टोन्ड कॉउचर गाउन के साथ गर्मी बढ़ा दी, जिसमें ड्रामा और एलिगेंस का सहज मिश्रण है। जब फैशन की बात आती है तो शिल्पा शेट्टी कभी नहीं चूकती हैं- और उनका लेटेस्ट लुक ड्रामा के साथ एलिगेंस का मास्टरक्लास है। दुबई की चमक-दमक और ग्लैमर का लुत्फ उठाते हुए, स्टाइल आइकन ने लेबनानी डिजाइनर नूर फतहल्लाह के वेलवेट व्हिस्पर कलेक्शन के एक शानदार चॉकलेट-टोन्ड गाउन में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। इंस्टाग्राम पर एक ताजा फोटो डंप में कैद किए गए इस लुक में कॉउचर अपील और समृद्ध बनावट झलक रही थी, और स्वाभाविक रूप से फैशन के प्रति उत्साह दिखा। गाउन देखने में एक ट्रीट था- चमकदार फॉक्स लेदर में गढ़ी हुई चोली से शुरू होकर जो शिल्पा पर एकदम फिट बैठ रही थी।कमर को कसने के लिए मैचिंग बेल्ट के साथ, संरचित टॉप ने एक सीधी-कट, फर्श-चराई वाली स्कर्ट को रास्ता दिया, जिसमें हजारों छोटे, चमकदार सेक्विन लगे हुए थे, जो हर कदम के साथ प्रकाश को पकड़ते थे।

# अक्षरा सिंह को मिला बीजेएएनए यूएसए अवॉर्ड




भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री अक्षरा सिंह को हाल ही में अमेरिका में एक खास सम्मान से नवाजा गया है। एक्ट्रेस की प्रतिभा, मेहनत और कला को देखते हुए उन्हें बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बीजेएएनए यूएसए) द्वारा एप्रिसिएशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड भारतीय संस्कृति और भोजपुरी सिनेमा में अक्षरा के योगदान को दर्शाता है। इस सम्मान को पाकर अक्षरा सिंह बेहद खुश नजर आईं और उन्होंने सोशल मीडिया पर भी अपने फैंस के साथ इस खुशी को साझा किया। अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम पर अवॉर्ड लेते हुए अपनी एक फोटो शेयर की। इस फोटो में वह ब्लैक कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में अक्षरा ने लिखा, कभी सोचा नहीं था कि बिहार के एक छोटे से कोने से चलकर अमेरिका की धरती पर अपने राज्य और देश का प्रतिनिधित्व करूंगी। आज जब बीजेएएनए यूएसए से मुझे एप्रिसिएशन अवॉर्ड मिला, तो वह सिर्फ एक अवॉर्ड नहीं था, वह मेरी मेहनत, संघर्ष और सपनों की जीत थी। उन्होंने लिखा भारत से इतनी दूर आकर जब लोग बिहार का नाम सम्मान और सराहना के साथ लेते हैं, तो लगता है जैसे वर्षों की तपस्या रंग लाई है। उस मिट्टी से जुड़ाव, जिसने मुझे सब कुछ सिखाया और आज उसी मिट्टी की खुशबू को मैंने अमेरिका तक पहुंचाया। यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं है, यह हर उस लड़की का है जो बड़े सपने देखती है, हर उस इंसान का है जो अपनी जड़ों से जुड़े रहकर आगे बढ़ता है। दिल से धन्यवाद बीजेएएनए यूएसए को, इतनी दूर होकर भी अपने लोगों को जोड़ने, पहचान देने और सम्मानित करने के लिए। आज एक भारतीय, एक बिहारी होने पर पहले से कहीं ज्यादा गर्व महसूस हो रहा है। बीजेएएनए बिहार झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (बीजेएएनए) एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसका उद्देश्य बिहार की संस्कृति, शिक्षा, और समुदाय को बढ़ावा देना है।

# रश्मिका मंदाना और स्टिच की जोड़ी ने मचाया धमाल



रश्मिका मंदाना आज की तारीख में बेशक पैन इंडिया की सबसे बड़ी हीरोइन बन चुकी हैं। उनकी फैन फॉलोइंग हर कोने से प्यार लूट रही है। इन दिनों वो अपने समर एंटरटेनर डिज्नी की 'लिलो एंड स्टिच' को लेकर काफी चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने सबको चौंकाते हुए अपना नया यानी स्टिच इंट्रोड्यूस कराया था एक शरारती, बेकाबू लेकिन बेहद क्यूट कैरेक्टर। अब एक बार फिर रश्मिका और उनका ये अतरंगी दोस्त साथ नजर आए हैं, और इस बार दोनों को एक फ्रेम में देखकर बस यही सवाल उठ रहा है आखिर चल क्या रहा है? इन दिनों हर तरफ बस रश्मिका की ही बात हो रही है, जो लिलो के किरदार में नजर आ रही हैं और अपने प्यारे से नीले एलियन स्टिच के साथ जमकर मस्ती कर रही हैं। इन दोनों की जोड़ी ने फैंस के बीच एक्साइटमेंट और इंतजार का लेवल काफी बढ़ा दिया है। इसी बीच रश्मिका और स्टिच की एक साथ एक और नई तस्वीर सामने आई है, जिसने लोगों की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है कि आखिर ये दोनों मिलकर क्या नया सरप्राइज लेकर आने वाले हैं? इस फोटो में दोनों इतने क्यूट और प्यारे लग रहे हैं कि दिल खुद-ब-खुद मुस्कुरा उठता है।



# एसआरएच ने केकेआर को 110 रनों से हराया

## क्लासेन ने 39 गेंदों पर बनाए नाबाद 105

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का 68वां मुकाबला रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच खेला गया। हेनरिक क्लासेन की नाबाद 105 रनों की शतकीय पारी की बदौलत एसआरएच ने इस मुकाबले में 110 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। यह आईपीएल में केकेआर की सबसे बड़ी हार है। एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 278/3 का पहाड़ सा स्कोर खड़ा किया। यह आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। टूर्नामेंट में चार सबसे बड़े स्कोर बनाने का श्रेय इसी टीम के नाम है। उसने 2024 में 287/3 और 2025 में आरआर के खिलाफ 286/6 का स्कोर बनाया था। जीत के लिए 279 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर 18.4 ओवर में 168 रन ही बना सकी। टीम की तरफ से विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (9) और सुनील नारायण (31) ने पारी की शुरूआत की। अच्छी लय में दिख रहे नारायण को जयदेव उनादकट ने बोल्ड किया। तीसरे नंबर पर कप्तान अजिंक्य रहाणे (15) भी सस्ते में पवेलियन लौटे। इसके बाद क्रमशः अंगकृष रघुवंशी (14), रिंकू सिंह (9) और आंद्रे रसल जल्द ही आउट हो गए। सातवें नंबर पर मनीष पांडेय ने जरूर 37 रन बनाए लेकिन वह अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा पाए। इसके बाद रमनदीप सिंह (13) और हर्षित राणा (34) ने कुछ जुझारू पारी खेली और हार का अंतर कम करने की कोशिश की। अंत में वैभव अरोड़ा बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इस तरह पूरी टीम 18.4 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई। सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से जयदेव उनादकट, एशान मलिंगा और हर्ष दुबे ने तीन-तीन विकेट चटकाए। इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की शुरूआत बेहद शानदार रही। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (32) और ट्रेविस हेड (76) तेजी से रन जुटाए। तीसरे नंबर पर हेनरी क्लासेन ने मात्र 39 गेंदों पर नाबाद 105 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 269.23 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए सात चौके और नौ गगनचुंबी छक्के जड़े। अंत में ईशान किशन ने 29 (20 गेंद) और अनिकेत वर्मा ने नाबाद 12 रन (6 गेंद) बनाए। वहीं, केकेआर की तरफ से सुनील नारायण को दो जबकि वैभव अरोड़ा को एक सफलता मिली।

# चेन्नई सुपरकिंग्स ने गुजरात टाइटंस को दिया जोर का झटका



**अहमदाबाद।** डेवाल्ड ब्रेविस (57) और डेवोन कॉन्वे (52) के आतिशी अर्धशतकों तथा अंशुल कंबोज (13 रन पर तीन विकेट) और नूर अहमद (21 रन पर तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने गुजरात टाइटंस को यहां उसके घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को आईपीएल मुकाबले में 83 रन से हराकर जोर का झटका दिया। चेन्नई ने पांच विकेट पर 230 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद गुजरात को 18.3 ओवर में 147 रन पर थाम लिया। गुजरात की टीम इस मुकाबले में शीर्ष दो में जगह बनाने के इरादे से उतरी थी लेकिन चेन्नई ने उसे पांचवीं हार का स्वाद चखा दिया। गुजरात की 14 मैचों में यह पांचवीं हार रही जबकि चेन्नई ने 14 मैचों में चौथी जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया। हालांकि इस हार के बावजूद गुजरात 18 अंकों के साथ अब भी शीर्ष पर है लेकिन पंजाब किंग्स और आरसीबी के पास गुजरात से आगे निकलने का मौका है जिनके 17-17 अंक हैं। अपने आखिरी मैचों में पंजाब का मुकाबला मुम्बई इंडियंस से और आरसीबी का मुकाबला एसआरएच से होना है। पंजाब अंक तालिका में दूसरे, आरसीबी तीसरे और मुंबई 16 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। मुंबई की प्लेऑफ की बाकी तीनों टीमों से बेहतर रन रेट स्थिति है और आखिरी मैच की जीत उसे नंबर एक स्थान पर ले जा सकती है। चेन्नई की टीम जीत गई लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है कि वे अंकतालिका में सबसे नीचे रहते हुए, सीजन का समापन कर रहे हैं। हालांकि एक निराशाजनक सीजन का समापन एक जीत के साथ होना, उनके लिए काफी सुखद होगा। आज के मैच में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की, अच्छी फील्डिंग की और गेंदबाजी में भी उनका प्लान काफी क्लियर था। दूसरी तरफ जीटी के लिए यह हार परेशानी का सबब बन सकती है। अब उन्हें टॉप 2 में पहुंचने के लिए दूसरी टीमों के परिणाम पर नजर रखनी होगी। हैरानी की बात है कि पिछले चार मैचों में प्लेऑफ में जगह बना चुकी चारों टीमों को हार का सामना करना पड़ा।

## सोमवार, 26 मई राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन आपके लिए बेहद शुभ रहेगा। साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अगर आप किसी परेशानी में हैं तो भाइयों का साथ मिलेगा। कुछ निजी मामलों को गोपनीय रखना बेहतर होगा, वरना परेशानियां हो सकती हैं। बड़ों से विवाद न करें। इससे आपकी छवि खराब होगी।

वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। बिजनेस करने वाले लोग नए तरीके आजमा सकते हैं, जिससे उन्हें फायदा होगा। नया काम शुरू करने का मौका भी मिल सकता है। आर्थिक मामलों के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। अगर किसी बैंक, व्यक्ति या संस्था से पैसा लेने की सोच रहे हैं तो वह जल्दी मिल जाएगा।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन खुशखबरी देने वाला रहेगा। काम के मामले में आपको अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में मन लगाकर काम करें और अपने सामान को सुरक्षित रखें, उनके खोने या चोरी होने का डर है। आज नया प्रयोग करने का मन बना सकते हैं। इससे आपके काम में सुधार होगा।

कर्क राशि के जातक आज खर्च करते समय सावधानी बरतें। अनजान लोगों से आर्थिक लेन-देन से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। अपनी आमदनी और खर्च का बजट बना लें, नहीं तो जरूरत से ज्यादा खर्च आपकी परेशानी बढ़ा सकता है।

सिंह राशि के जातकों को आज किसी भी काम में लापरवाही भारी पड़ सकती है। आज दोस्तों के सहयोग से कुछ व्यावसायिक योजनाओं में धन लगा सकते हैं। परिवार में विवाह योग्य जातक के लिए कोई परिचित रिश्ता लेकर आ सकता है।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन पदोन्नति और सम्मान दिलाने वाला हो सकता है। कला और रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों को नई पहचान मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास सफल होंगे और समस्याएं भी धीरे-धीरे दूर होंगी।

तुला राशि के विद्यार्थियों के लिए आज उच्च शिक्षा में सफलता के रास्ते खुल सकते हैं। उनको बड़ों से पूरा समर्थन मिलेगा। आज आपकी कुछ पुरानी योजनाएं तेजी से आगे बढ़ेंगी, जिससे अच्छा लाभ हो सकता है। ननिहाल पक्ष से आर्थिक फायदा मिलने के आसार हैं।

वृश्चिक राशि के जातकों की निर्णय लेने की क्षमता आज काम आएगी। खानपान की आदतों में सुधार जरूरी है, वरना पेट से जुड़ी दिक्कत हो सकती है। आज आप अपनी बातों से दूसरों को प्रभावित करेंगे। परिवार के लिए समय निकालना फायदेमंद रहेगा।

धनु राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छे परिणाम लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में कोई अहम जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे आप पूरी मेहनत से निभाएंगे। कार्यों में धैर्य और हिम्मत बनाए रखें। दांपत्य जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

आज मकर राशि के जातक सोच-समझकर कदम उठाएं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न बरतें, वरना समस्या बढ़ सकती है। व्यापार में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। अगर आपने किसी से उधार लिया था तो उसे चुकाने में सफलता मिल सकती है।

कुंभ राशि वाले आज रचनात्मक कार्यों से अपनी पहचान बनाएंगे। आपको नए लोगों से मिलने और संबंध बढ़ाने का मौका मिलेगा। कारोबार में किसी को साझेदार बनाते समय सतर्क रहें, वरना नुकसान हो सकता है। पढ़ाई में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मीन राशि के जातकों का आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप परिवार के बुजुर्गों की राय का आदर करेंगे और उन्हें पूरा सम्मान देंगे। आज भावनाओं से हटकर फैसलें लें, वरना परिवार के किसी सदस्य के करियर पर इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

## रिवाज संस्था व परिश्रम एकेडमी हाउस वाइफ बैडमिंटन टूर्नामेंट

# गरिमा बेदी विजेता, अनुराधा सिंह उपविजेता















एनएनआई

**आगरा।** रिवाज संस्था एवं परिश्रम एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में हाउस वाइफ बैडमिंटन टूर्नामेंट का सफल आयोजन सेक्टर-10, आवास विकास स्थित परिश्रम एकेडमी परिसर में किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 25 गृहिणियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में गरिमा बेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर खिताब अपने नाम किया। अनुराधा सिंह रनरअप, दिव्या जैन प्रथम रनरअप तथा विनीता सिंह द्वितीय रनरअप रहीं। अन्य प्रतिभागियों में मंजुला सिंह, अनुपमा, विनीता सिंह, निधि बेदी, अनु अरोड़ा, सुनीता जैन, रचना वार्ष्णेय, मानसी ठुकराल, प्रवीण बाला पटेल, मुक्ता गुप्ता, विमला सिंह, कविता राय, उषा कचौड़िया, अंजू गुप्ता, निधि राजोरिया, वंदना जायसवाल, पारुल चौहान, सौम्या कौशल एवं गायत्री राज राणा शामिल रहीं। झांसी से भी प्रतिभागी महिलाओं ने इस आयोजन में सहभागिता कर आयोजन को विशेष बना दिया। विजेताओं को के.बी. ज्वैलर्स द्वारा चांदी की बिछिया, स्वतंत्र कुमार द्वारा ट्रॉफी, राहुल बंसल द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। वहीं मनीष चौधरी व अनुज बंसल ने सभी खिलाड़ियों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान मैनकाइंड फार्मा व बंसल फार्मास्युटिकल्स डिस्ट्रीब्यूशन की ओर से हेल्थ सप्लीमेंट्स वितरित किए गए और महिलाओं को वेलनेस एवं स्वास्थ्य जागरूकता से भी अवगत कराया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को हेल्दी स्नैक्स एवं स्वल्पाहार भी उपलब्ध कराया गया। इस आयोजन का समन्वयन श्वेता वार्ष्णेय ने बखूबी किया जबकि संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी राहुल बंसल ने संभाली। महेश सारस्वत ने मीडिया प्रभारी के रूप में अपनी भूमिका कुशलतापूर्वक निभाई। रिवाज संस्था का उद्देश्य महिलाओं को खेल के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक सशक्तिकरण और सामाजिक सक्रियता की ओर प्रेरित करना है। संस्था ने परिश्रम एकेडमी के संचालक अभिषेक चौहान एवं उनकी पूरी टीम को उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।